भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3900

जिसका उत्तर 18.03.2021 को दिया जाना है

कर्वी-राजापुर मार्ग

3900. श्री आर.के.सिंह पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में कर्वी से राजापुर के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त राजमार्ग के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) उक्त परियोजना को कब तक पूरा किये जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): जी, हां। 10.03.2015 को इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731ए घोषित किया गया था और 09.12.2016 को इसे उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग को सौंप दिया गया था। 02.02.2021 को 14.99 करोड़ रुपये की लागत से 36.25 किमी में आवधिक नवीनीकरण का कार्य स्वीकृत किया गया है। यह काम निविदा चरण में है। इस कार्य को सौंपने के बाद पूरा करने की अवधि 6 माह है।

*****